कार्यालय : बोधगया मंदिर प्रबंधकारिणी समिति

बोधगया 824231, गया।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

बोधगया महाबोधि मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले विभिन्न पूजा समारोहों, पावन मौकों एवं जयंती आदि के आयोजनों पर मंदिर परिसर में निम्नांकित स्थलों की फूल–माला (मैरिगोल्ड) से सजावट की जाती है। सजावट में लगभग 250 कोड़ी गेंदा फूल (मैरीगोल्ड) माला की आवश्यकता होती है। सजावट सामग्री पर होने वाले कुल व्यय का निर्धारण हेतु निविदा फूल माला बिक्रेता/प्रोपराईटरशीप फर्म आदि से आमंत्रित किया जाता है।

1. मंदिर मुख्य द्वार संख्या 1
2. मंदिर द्वार संख्या 2
3. मंदिर द्वार संख्या 2 के सामने तोरण द्वार
4. अशोका द्वार
5. अशोका रेलिंग (चारों ओर)
6. गर्भ गृह द्वार की सजावट
7. बोधिवृक्ष रेलिंग
8. चक्रमण स्थल (लोटस स्ट्रक्चर)
9. खुला फूल (गेंदा/मिक्स फ्लावर) प्रति किलो०

उक्त महत्वपूर्ण स्थलों पर फूल–माला से सजावट हेतु प्रति कोड़ी माला का दर निविदा में अंकित करेंगे एवं न्यूनतम दर के आधार पर सजावट पर होने वाले कुल व्यय का निर्धारण किया जायगा। इच्छुक फर्म/ फूल बिक्रेता मुहरबंद लिफाफे में फूल–माला का दर साफ–साफ अंकों एवं अक्षरों में लिखेंगे एवं दिनांक 09/11/2024 तक BTMC कार्यालय को स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से समर्पित करेंगे।

विशेष शर्ते :–

1. निविदादाता का फर्म/प्रोपराईटरशिप प्रतिष्ठान पंजीकृत होना चाहिए।
2. फर्म/प्रतिष्ठान का GST अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता निविदा देने के पूर्व स्थल, आदि से अवगत हो लें।
4. सजावट कार्य में मजदूरी आदि पर होने वाले व्यय फूल–माला के दर में ही सम्मिलित कर दर अंकित करना होगा।
5. निविदादाता प्रति वर्ष नियमतः आयकर जमा करते हों जिसका प्रमाण निविदा के साथ समर्पित करेंगे।
6. उक्त सजावट कार्य पर होनेवाले व्यय का दर का निर्धारण एक या एक से ज्यादा फर्म/फूल माला बिक्रेता के साथ empanel कर किया जायगा।
7. चयनित फूल बिक्रेता को सजावट कार्य BTMC से सीधे अथवा पूजा संचालकों द्वारा निर्धारित दर पर करना होगा।
8. पूजा समाप्ति के बाद मंदिर में लगाए गए फूल–माला एवं इसकी साफ–सफाई आदि को अपने खर्च पर करवाना अनिवार्य होगा।
9. सजावट कार्य शुरू करने से पूर्व फर्म को दान स्वरूप राशि 2,000/– (दो हजार) रूपया का भुगतान कार्यालय को करना होगा जिसकी रसीद प्राप्त कर सजावट कार्य करेंगे।
10. उपरोक्त का पालन नहीं करने पर फर्म को empanel से हटा दिया जायगा एवं उन्हें सजावट का कार्य नहीं सौंपा जायगा।
11. सजावट कार्य का न्यूनतम दर अगले एक वर्ष के लिए मान्य होगा एवं इसी निर्धारित दर पर अगले एक वर्ष तक फूल–माला बिक्रेता/फर्म को मंदिर परिसर में सजावट कार्य करना होगा।

ह०/–

जिलाधिकारी, गया–सह–अध्यक्ष, BTMC

फर्म द्वारा अंकित किए जाने वाला दर :–

क्र० सं०	क्षेत्र का नाम	गत् वर्ष का दर	राशि
1.	मंदिर मुख्य द्वार संख्या 1	1800	
2.	मंदिर द्वार संख्या 2	2500	
3.	मंदिर द्वार संख्या 2 के सामने तोरण द्वार	5500	
4.	अशोका द्वार	2500	
5.	अशोका रेलिंग (चारों ओर)	19400	
6.	गर्भ गृह द्वार की सजावट	4500	
7.	बोधिवृक्ष रेलिंग	5500	
8.	चक्रमण स्थल (लोटस स्ट्रक्चर)	7200	
	कुल राशि :–	48900	
	खुला फूल (गेंदा/मिक्स फ्लावर) प्रति किलो०	35 रूपया प्रति कि०ग्रा०	

संलग्न कागजात :–

1. फर्म/प्रतिष्ठान का रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति।
2. फर्म/प्रतिष्ठान का GST की छायाप्रति।
3. आयकरदाता का प्रमाण–पत्र।
4. पैन कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. चरित्र प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैं अथवा मेरा परिवार का या रिश्तेदार का कोई सदस्य बी.टी.एम.सी. के किसी कर्मचारी से संबंधित नहीं है या संबंध नहीं रखता है।

निविदादाता का हस्ताक्षर